पुत्र ही निकला पिता का हत्यारा

इच्छा के विरुद्ध भाभी से शादी, शादी और जमीन विवाद बना हत्या का कारण, आरोपी पुत्र पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

पन्ना 26 सितंबर। गत माह हुए अंधे हत्याकाण्ड का खुलासा आज नवागत एस पी पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा प्रेस वार्ता के दौरान किया गया जिसमें आरोपी के भाई की पत्नी से इच्छा के विरूद्ध शादी कराना तथा जमीनी बिवाद हत्या का कारण बना था।

एस पी पन्ना श्रीमती नायडू ने बताया कि दिनांक 18. अगस्त को फरियादिया श्रीमती विद्या पटेल हाल निवासी ग्राम लडहा थाना कोतवाली पन्ना द्वारा थाना कोतवाली उपस्थित आकर रिपोर्ट की गई कि दिनांक 17.अगस्त की रात्रि करीब 11.30 बजे उनके पति जगदीश पटेल (उम्र लगभग 55 वर्ष) घर के आँगन में सो रहे थे। उसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से उनके गले पर प्राणघातक वार कर दिया और भाग गया। गंभीर हालत में घायल को जिला अस्पताल पन्ना ले जाया गया था, जहाँ से रीवा, फिर जबलपुर और अंत में नागपुर रेफर किया गया, जहाँ इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पन्ना में अपराध 5 धारा 109(1) बी.एन.एस. कायम कर विवेचना में लिया गया तथा इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने से मामले में धारा 103(1) बीएनएस का इजाफ किया गया कार्यवाही के दौरान यह तथ्य सामने आया कि मृतक का पुत्र बृजेन्द्र पटेल ही हत्या का आरोपी है जिसको टी आई पन्ना रोहित मिश्रा के नेत्रत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मामले के आरोपी को दुर्गापुर पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया। विवेचना दौरान ज्ञात हुआ कि मृतक के दूसरे पुत्र सुरेन्द्र की वर्ष 2021 में करेन्ट लगने से मृत्यु हो चुकी थी। उसकी पत्नी लक्ष्मी का विवाह मृतक और परिवारजनों ने आरोपी बृजेन्द्र से उसकी इच्छा के विरुद्ध करवा दिया था। यह बात बृजेन्द्र को स्वीकार नहीं थी और उसी के चलते घर में लगातार विवाद चलता रहता था। कुछ समय पूर्व पंचायत में यह निर्णय हुआ था कि लक्ष्मी पटेल को 3 एकड़ जमीन देकर तलाक करवाकर मामला सुलझा लिया जाए, किंतु मृतक जगदीश पटेल ने जमीन नामांतरण से मना कर दिया और पुत्र बृजेन्द्र को लक्ष्मी के साथ ही रहने की बात कही। इसी बात से नाराज होकर आरोपी बृजेन्द्र ने अपने पिता की हत्या की योजना बनाई उसने 17 अगस्त की रात्रि सोते हुए पिता की कुल्हाड़ी से निर्मम हत्या कर दी थी।

आजीविका फ्रेश मेला का शुभारंभ आज

पन्ना 26 सितंबर। सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत वोकल फॉर लोकल की थीम पर टॉउन हॉल परिसर पन्ना में 27 से 29 सितम्बर तक तीन दिवसीय आजीविका फ्रेश मेला लगाया जाएगा।

शनिवार को दोपहर 1 बजे मेला का शुभारंभ होगा। जिला प्रशासन एवं म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किए जा रहे आजीविका फ्रेश मेला में ग्रामीण महिला स्वसहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों का प्रदर्शन सह विक्रय किया जाएगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इसमें सहभागिता के लिए सभी आम नागरिकों से अपील की है, जिससे स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा मिलने के साथ स्वसहायता समूह को भी प्रोत्साहन मिले।

विवेकानंद महाविद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण

निरीक्षण में समस्त व्यवस्थाएं संतोषजनक एवं अनुशासित पाई गईं

नवभारत न्यूज

पन्ना 26 सितंबर। छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी एवं डॉ. बी. एन. जायसवाल द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय जनकपुर, पन्ना में बी.एड एवं बी.ए.-बी.एड कोर्सेस संचालित हो रहे हैं।

महाविद्यालय में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की सुचारुता सुनिश्चित करने हेतु नेशनल टास्क फोर्स की चेतावनी के मद्देनज़र संबंधित कार्यों के प्रति आवश्यक सतर्कता बरती जा रही है। इस संदर्भ में ज्ञानी एवं अनुभवी व्यक्ति को कार्य हेतु दायित्व सौंपकर रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करने, साथ ही स्टाफ एवं विद्यार्थियों के मोबाइल नंबर अद्यतन कराने पर बल दिया गया। महाविद्यालय का एआईएसएचई सर्वेक्षण पूर्ण हो चुका है। साथ ही सांसद खेल महोत्सव हेतु पंजीयन प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसका आयोजन खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में होना प्रस्तावित है। स्वयं पोर्टल पर अब तक 75 नाम दर्ज हो चुके हैं, जिन्हें और बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत रहने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

शैक्षणिक गतिविधियों एवं अधोसंरचना का विशेष निरीक्षण भी संपन्न हुआ। स्टाफ रूम, कंप्यूटर लैब, केमिस्ट्री लैब, रिसोर्स रूम, कॉन्फ्रेंस हॉल, पुस्तकालय, इनडोर स्पोर्ट्स हॉल एवं लैंग्वेज डेवलपमेंट सेंटर का बारीकी से अवलोकन किया गया। 5.5 एकड़ में फैले परिसर में वर्तमान में 3 कंप्यूटर ऑपरेटर, 16 शिक्षण स्टाफ एवं 5 अशिक्षण स्टाफ अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। निरीक्षण में समस्त व्यवस्थाएँ संतोषजनक एवं अनुशासित पाई गईं।

कलेक्टर के निर्देश पर मेडिकल स्टोरों का हुआ निरीक्षण

लिए गए सेम्पल, विभाग करेगा कार्यवाही

नवभारत न्यूज

पन्ना 26 सितंबर। कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार के आदेशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आरपी तिवारी के निर्देशन में पन्ना औषधि निरीक्षक मुख्यालय दमोह द्वारा पन्ना जिले में संचालित विभिन्न मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई।

जांच के दौरान रैपुरा में संचालित प्रिंस मेडिकोज, एस एस मेडिकोज, श्याम मेडिकल स्टोर्स, राहुल मेडिकल, अवंतिका मेडिकल एवं जनता मेडिकल की जांच की गई एवं दवाओं के नमूने जांच हेतु शासकीय प्रयोगशाला में भेजे गए। निरीक्षण के दौरान लाइसेंस की वैधता, फार्मासिस्ट की उपस्थिति, प्रतिबंधित दवाएं एवं शेड्यूल एच 1/ एनआरएक्स मेडिसिन के क्रय विक्रय संबंधित दस्तावेज एवं नशीली दवाओं से संबंधित जांच की गई,उपरोक्त संबंधित पाई कमियों के खिलाफ प्रशासनिक कार्यवाही विभाग द्वारा की जाएगी।

जिला स्तरीय टीमों ने किया विशेष वीएचएसएनडी का निरीक्षण

बिना सूचना अनुपस्थित कर्मचारियों की रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए

नवभारत न्यूज

पन्ना 26 सितंबर। दिनांक 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाडा अंतर्गत स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान मे सेवाए देने दिनांक 26 सितंबर शुक्रवार को विशेष ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) का आयोजन सामुदायिक स्तर पर किया गया।

कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर पी तिवारी द्वारा प्रत्येक ब्लॉक में उक्त दिवस की सघन निगरानी हेतु जिला स्तरीय टीमो का गठन किया गया साथ ही सीएमएचओ द्वारा स्वंय भी पवई एवं शाहनगर विकासखंड अंतर्गत मुराछ, सुगरहा, खमतरा, लमतरा वीएचएसएनडी एवं स्वास्थ्य संस्थाओ का निरीक्षण किया गया। जिला स्तरीय टीम में जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा पीएचसी मोहन्द्रा, पीएचसी सिमरिया एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोठी एवं कुंवरपुर का निरीक्षण किया, जिला मलेरिया अधिकारी के द्वारा अमानगंज ब्लॉक अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर द्वारी, झुमटा घटारी का निरीक्षण किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ अजहर अली द्वारा अजयगढ विकासखण्ड एवं एपीएम डॉ संजय कुमार द्वारा शहरी क्षेत्र पन्ना में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओ का निरीक्षण किया गया।

सीएमएचओ द्वारा टीमो को निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियो एवं बिना सूचना अनुपस्थित पाए जाने वाले कर्मचारियो की रिपोर्ट सौपने के निर्देश भी दिए गए।

जिले में औसत से अधिक वर्षा दर्ज

पन्ना 26 सितंबर। पन्ना जिले में इस वर्ष 1 जून से 26 सितम्बर की अवधि में औसत से अधिक वर्षा 1186.3 मिमी दर्ज की जा चुकी है। गत वर्ष उक्त अवधि में 1065.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वर्षा 1176.4 मिमी है। अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार अब तक वर्षामापी केन्द्र अजयगढ़ में सर्वाधिक 1385.4 मिमी तथा सिमरिया में सबसे कम 754.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जबकि पन्ना में 1231.3 मिमी, देवेन्द्रनगर में 1326.7 मिमी, गुनौर में 1164.5 मिमी, अमानगंज में 1339.5 मिमी, पवई में 1185 मिमी, शाहनगर में 1133.6 मिमी तथा रैपुरा में 1156.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

दीनदयाल उपाध्याय जयंती के साथ हुआ जन अभियान परिषद् कक्षाओं का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

शाहनगर/पन्ना 26 सितंबर। गत दिवस पन्ना जिले के शाहनगर में पंडित दीन दयाल उपाध्याय जयंती के साथ जन अभियान परिषद् की सत्र 2025-26 की कक्षाओं का शुभारंभ किया गया, जिसमें शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय शाहनगर की प्राचार्य श्रीमती रजनी सोनी के मुख्य आतिथ्य में सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

जिसके उपरांत अतिथियों का स्वागत कर, विभिन्न वक्ताओं और परामर्श-दाताओं द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय और परिषद् के महत्व पर जोर दिया गया।

इस दौरान जन अभियान परिषद् के विकासखंड समन्वयक राजेश अर्गल द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम से शासन का मुख्य उद्देश्य, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम द्वारा बी एस डब्लू तथा एम एस डब्लू कोर्स के माध्यम से लोगों में नेत्तृत्व क्षमता का विकास करना है ताकि वह अपने गांव तथा क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं और समाज कार्य की ओर कार्य कर सके।

30 को रहेगा स्थानीय अवकाश

पन्ना 26 सितंबर। पन्ना जिले में मंगलवार, 30 सितम्बर को दशहरा (महाष्टमी) पर्व पर स्थानीय अवकाश रहेगा।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा गणेश चतुर्थी पर्व पर संपूर्ण प्रदेश में सामान्य अवकाश घोषित किए जाने के फलस्वरूप जिला कलेक्टर द्वारा पूर्व में 27 अगस्त को घोषित अवकाश को निरस्त कर मंगलवार को संपूर्ण जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश कोषालय एवं उप कोषालय पर लागू नहीं होगा।

केसरवानी बने कैट के जिला अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

पन्ना 26 सितंबर। शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी और समर्पित समाजसेवी मनोज केशरवानी को भारतीय व्यापार महासंघ (कैट) पन्ना का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल की अनुशंसा में कैट के मध्यप्रदेश महासचिव राजीव खंडेलवाल ने की, जिन्होंने केशरवानी के अथक प्रयासों और

नेतृत्व क्षमता को सराहा। केशरवानी पहले से बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष, एथलेटिक्स संघ के जिला अध्यक्ष, और वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष के रूप में अपनी सक्रियता और योगदान के लिए जाने जाते हैं।

व्यापारी समुदाय ने किया खुशी का इजहार

श्री केशरवानी की इस नई जिम्मेदारी से पन्ना के व्यापारी समुदाय में उत्साह का माहौल है। स्थानीय व्यापारियों का मानना है कि उनके कुशल नेतृत्व में व्यापार को नई दिशा मिलेगी और क्षेत्र के कारोबारी हितों की बेहतर तरीके से रक्षा हो सकेगी। व्यापारियों ने इस नियुक्ति को एक स्वागतयोग्य कदम बताते हुए श्री केशरवानी से आशा जताई कि वे व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और चुनौतियों से निपटने में अहम भूमिका निभाएंगे।

एसडीएम ने किया महाविद्यालय का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

शाहनगर/पन्ना 26 सितंबर। अव्यवस्थाओं की शिकायतों को लेकर अव्वल रहने वाले पन्ना जिले के शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय शाहनगर का आज गुरुवार को नवागत एसडीएम रामनिवास चौधरी ने औचक निरीक्षण किया।

सुबह 11 बजे शाहनगर तहसीलदार श्रीमती कोमल सिंह सहित स्टाफ के साथ जब एसडीम, शाहनगर महाविद्यालय पहुंचे तो वहां पर उन्हें अव्यवस्थाओं का अंबार देखने को मिला, जहां एक और महाविद्यालय की दीवारों पर छात्र संगठनों का बोलबाला था, तो वही गंदे शौचालय, टूटे गेट, जले हुए पंखों के अलावा उन्हें खाली बेच और स्टाफरूम भी देखने को मिला।नवागत एसडीएम के निरीक्षण के दौरान जहां प्राचार्य और ग्रंथपाल अनुपस्थित मिले, तो वही 7 अतिथि विद्वानों में से तीन ही मौजूद मिले। जिसको लेकर एसडीएम द्वारा पंचनामा बनाकर महाविद्यालय की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

फार्मासिस्ट एसोसिएशन की जिला इकाई ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

पन्ना 26 सितंबर। विश्वग फार्मासिस्टा दिवस पर मध्यप्रदेश फार्मासिस्ट एसोसिएशन जिला इकाई पन्ना के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

साथ ही इकाई द्वारा अपनी मांगो एवं समस्याओ को लेकर आयुक्तज लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के नाम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर पी तिवारी को ज्ञापन सौपा गया। जिसमें इकाई के जिला अध्यक्ष राजेश तिवारी, राजेश चौरहा, बृजकिशोर जडिया, श्रीमति प्रियंका सिंह, शिवांगी त्रिपाठी एवं अन्य फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

जिला जेल का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

पन्ना 26 सितंबर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ द्वारा गत दिवस जिला जेल पन्ना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

इस मौके पर विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से बंदियों को विधिक अधिकार एवं कर्त्तव्यों की

जानकारी भी दी गई। प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ ने बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं तथा जेल प्रबंधन द्वारा की जाने वाली कार्यवाही की जानकारी ली। बैरकों और जेल परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया गया। बंदियों के विधिक अधिकार और कर्त्तव्य भी बताए। इस दौरान प्रभारी जेल अधीक्षक आर.पी. मिश्रा भी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य केन्द्रों में लगाए जा रहे जांच शिविरों का लाभ उठाएं : राधा सिंह

अमदरा के स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के जांच शिविर में 700 से अधिक महिलाओं का स्वस्थ्य परीक्षण

नवभारत न्यूज

मैहर 26 सितंबर। मध्यप्रदेश शासन की पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री एवं मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने बुधवार को मैहर जिले के प्रवास के दौरान अमदरा स्वास्थ्य केन्द्र में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में शामिल हुई।

उन्होंने इस अवसर पर कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाडा अभियान के दौरान स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में उप स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर जिला चिकित्सालय तक विशेषत: बच्चों और महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रकार के रोगों और स्वास्थ्य की जांच कर उपचार सेवायें तथा परामर्श दिया जा रहा है। उन्होंने महिलाओं और नागरिकों से इन स्वास्थ्य शिविरों का लाभ उठाने की अपील की।

स्वास्थ्य शिविर में 5 वर्ष तक के बच्चे, किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं सहित अन्य व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा बच्चों को टीकाकरण भी कराया गया। प्रभारी मंत्री ने शिविर में प्रतीक स्वरूप अक्षय मित्र योजना के तहत चिन्हांकित मरीजों का न्यूट्रिन बास्केट भी वितरित किये। प्रभारी मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में भी भागीदारी की। इस मौके पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, कलेक्टर रानी बाटड, एसपी अवधेश प्रताप सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी, एसडीएम दिव्या पटेल उपस्थित रहे।

रबी सीजन में बैंक की समितियों का 100 करोड़ का ऋण वितरण का लक्ष्य

बैंक की 63वीं वार्षिक साधारण सभा की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

सतना 26 सितंबर। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में संपन्न जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सतना की 63वीं वार्षिक साधारण सभा की बैठक में रबी 2025-26 के लिए बैंक को प्राप्त ऋण वितरण के लक्ष्य 70 करोड के विरूद्ध बैंक द्वारा समितियों को 100 करोड रूपये ऋण वितरण का लक्ष्य दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक का वार्षिक लाभ 63.31 लाख रहा है।

बैठक के जारी एजेण्डा अनुसार दी गई जानकारी में बैंक के प्रबंधक लेखा एसके पटेरिया ने बताया कि जून 2025 में चालू ऋण की वसूली 98 प्रतिशत तथा कालातीत ऋण की 27 प्रतिशत वसूली की गई। जिसके फलस्वरूप गैर निष्पादक ऋणों में 3.87 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। बैंक सी.आर.ए.आर. 119.98 से घटकर 73.72 है। खरीफ 2025 हेतु ऋण वितरण नियत लक्ष्य 100 करोड रूपये के विरूद्ध 116 करोड रूपये का वितरण किया गया जो गत वर्ष खरीफ ऋण वितरण की तुलना में 62 करोड़ रूपये से अधिक ऋण वितरण किया गया। रबी 2025-26 हेतु बैंक को प्राप्त ऋण वितरण 70 करोड़ रूपये के विरुद्ध बैंक द्वारा समितियों को 100 करोड़ रूपये ऋण वितरण के लक्ष्य दिए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक का वार्षिक लाभ 63.31 लाख रहा है। अध्यक्षीय उद्बोधन में कलेक्टर जिला सतना एवं बैंक के प्रशासक डॉ. सतीश कुमार एस ने बैंक की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। प्रभारी उपायुक्त सहकारिता को समिति के प्रशासकों को प्रारंभ हो रहे रबी सीजन में उर्वरक के सुचारू वितरण, उपार्जन कार्य में सतत निगरानी, बहुउददेशीय सहकारी समितियों में विभिन्न गतिविधियों के संचालन पर जोर दिया गया। जिले परिसमापनाधीन समितियों में चरणबद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों को कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा ली जाने वाली संभागीय समीक्षा बैठक की विषयवार तैयारी हेतु भी निर्देशित किया गया। बैंक प्रबंधन को मार्च 2027 तक धारा 11 (1) का अनुपालन किये जाने के भी निर्देश दिए गए। साधारण सभा में विजय मिश्रा, प्रभारी उपायुक्त सहकारिता जिला मैहर, उप आयुक्त सहकारिता जिला सतना के प्रतिनिधित्व श्री सुजीत सिंह द्वारा किया गया वार्षिक साधारण सभा में बहुउद्देशीय सहकारी समितियों के प्रशासक तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सतना के शाखाओं के शाखा प्रबंधक भी उपस्थित रहे।